**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 16.08.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार कल रायपुर में आयोजित सत्रहवें दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे।

2— उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज माओवाद प्रभावित सुकमा और बीजापुर का किया दौरा—ग्रामीणों और जवानों से की मुलाकात।

3— कथित कोयला घोटाला मामले में आज एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान के अलग—अलग ठिकानों पर मारा छापा।

4— मौसम विभाग ने कल उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

**<u>दिव्य कला मेला</u>**

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार कल रायपुर में आयोजित सत्रहवें दिव्य कला मेला का उद्घाटन करेंगे। एक सप्ताह तक चलने वाला यह मेला दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर केंद्रित होगा। इसका आयोजन भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस मेले में सौ से अधिक दिव्यांग कारीगरों द्वारा घर की सजावट, जीवनशैली के उत्पाद, कपड़े, पर्यावरण के अनुकूल सामान का संग्रह होगा। आगंतुकों को इन हस्तनिर्मित वस्तुओं को देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में दिव्यांगजनों को 'दिव्य कला शक्ति' रोजगार मेला और ऋण मेला के माध्यम से सशक्त बनाया जाएगा। आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के सीएमडी नवीन शाह ने बताया कि इस मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी शामिल होंगी।

**<u>इसरो—प्रक्षेपण</u>**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन— इसरो ने आज पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर—ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान —एसएसएलवी—डी—थ्री की तीसरी उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस सफलता से यह साबित हो गया है कि भारत अत्यंत छोटे और सूक्ष्म उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम है। इन दोनों उपग्रहों को चार सौ पचहत्तर किलोमीटर दूर कक्षा में स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सफलता के लिए सोशल मीडिया एक्स पर इसरो की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**<u>उपमुख्यमंत्री—दौरा</u>**

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज माओवाद प्रभावित सुकमा जिले के पूवर्ती और बीजापुर जिले के पालनार गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। पालनार के ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री से बिजली, पानी, सड़क और स्कूल की मांग की। इस पर उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उप मुख्यमंत्री ने पालनार में ग्रामीणों को जमीन के पट्टे, राशन कार्ड, आधार कार्ड और युवाओं के लिए खेल सामग्री प्रदान की। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि एक सप्ताह के भीतर सात गांव में सौर ऊर्जा से चलने वाली टीवी और डीटीएच लगा दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूवर्ती माओवादी कमांडर हिड़मा का गांव है।

**<u>आईईसी—अभियान</u>**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में एच.आई.वी. एड्स की रोकथाम और जन—जागरूकता के लिए सघन प्रचार—प्रसार कार्यक्रम आईईसी अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन—नाको के सुझावों के अनुसार राज्यभर में एचआईवी

और यौन संचारित संक्रमणों के बारे में आम जनता विशेषकर युवाओं के ज्ञान के स्तर को बढ़ाने के लिए गहन आईईसी अभियान शुरू किया गया है। इस मौके पर श्री जायसवाल ने एड्स की रोकथाम के लिए जन जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पांच जिलों – रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर और सरगुजा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेगा।

**किसान–सम्मेलन**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कल लाभार्थी किसान सम्मेलन का आयोजन रायपुर के बरौंडा स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में किया जाएगा। इस अवसर पर किसानों को कृषि आदानों का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, कृषि मंत्री रामविचार नेताम विशिष्ट अतिथि और धरसीवां विधायक अनुज शर्मा विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे।

**स्वदेशी मेला–ब्रोशर विमोचन**

राज्य के विभिन्न जिलों में सत्रह अक्टूबर से लेकर नौ मार्च के बीच स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला कबीरधाम, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव और जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले 'स्वदेशी मेले' के ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर भारतीय विपणन विकास केंद्र के मेला प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि पिछले दो दशक से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी मेला भारतीय उद्यमियों के लिए नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध करता है। यह मेला भारतीय उत्पादकों, ग्रामीण, कुटीर, निजी, सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के लिए लाभकारी आयोजन के रूप में उभरा है।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" इस बार **विश्व हाथी दिवस पर रायपुर में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम पर अतिरिक्त पीसीसीएफ प्रेम कुमार से ली गई भेंटवार्ता** प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सत्रह अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**मुख्यमंत्री–भारतीय सेना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य सरकार की पहल पर अक्टूबर माह में भारतीय सेना राजधानी रायपुर में पहली बार अपने हथियारों और सैनिक कौशल की प्रस्तुति देगी। इसमें सेना के जवान हथियार और सैन्य सामान प्रदर्शित करेंगे। इस प्रकार की सैन्य प्रस्तुति छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि इससे प्रदेश के युवाओं को सेना के बारे में जानने और उनका कौशल देखने का अवसर मिलेगा।

**अटल बिहारी–वाजपेयी–पुण्यतिथि**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि श्री बाजपेयी विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता, जननायक होने के साथ–साथ अजातशत्रु थे, जिनका सभी दलो के लोग बराबर सम्मान करते थे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर डॉक्टर रामप्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि अटल जी ने इस भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य के रूप में आकार दिया है। पत्रकार, कवि और राजनेता के रूप में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। श्री साय ने कहा कि वे ऐसा राजनेता थे, जिन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी का स्नेह मिला।

**ट्रेन–रद्द**

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में तीन सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर आवश्यक कार्य किया जाएगा। इस कारण कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस रूट से होकर गुजरने वाली टाटानगर–इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस चौबीस, और इकतीस अगस्त तथा सात, चौदह, इक्कीस, अट्ठाईस सितंबर को रद्द रहेगी। वहीं, सत्रह, चौबीस, इकतीस अगस्त और सात, चौदह, इक्कीस, अट्ठाईस सितंबर को टाटानगर–बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**एसीबी–छापा**

कथित कोयला घोटाला मामले में सेंट्रल जेल में बंद सौम्या चौरसिया, रानू साहू और समीर विश्नोई के करीबी लोगों के ठिकानों पर आज सुबह एसीबी की टीम ने छापा मारा। मिली जानकारी के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति के मामले में उन्नीस जगहों पर छापेमारी की गई है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के अलावा एसीबी की एक टीम ने राजस्थान के अनूपगढ़ में और झारखंड में भी छापेमारी की है। वहीं, भिलाई के नेहरू नगर निवासी होटल व्यवसायी अनिल कुमार पाठक के घर और होटल में ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापा मारा। इसी तरह, कोरबा में एक ठेकेदार एमएस पटेल के घर पर ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने दबिश दी।

**महिला मोर्चा–कैंडल मार्च**

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजीके मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कैंडल मार्च निकाला। इसी कड़ी में रायपुर शहर जिला की महिला मोर्चा इकाई ने शहीद भगत सिंह चौक से घड़ी चौक तक कैंडल मार्च निकाला।

**डॉक्टर–तबादला**

राज्य सरकार ने चिकित्सकों और विषेशज्ञों की तबादला सूची जारी की है। इस सूची में विभिन्न जिलों में पदस्थ चौंतीस अधिकारियों के नाम शामिल है। दो संभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ समेत कई जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन बदले गए है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत डॉक्टर एमपी महेश्वर को रायपुर का प्रभारी संयुक्त संचालक नियुक्त किया गया है। वहीं, दुर्ग के प्रभारी जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार शुक्ला को सरगुजा का संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया है।

**जवान–मौत**

बीजापुर जिले में सर्विस रायफल की साफ सफाई के दौरान दुर्घटनावश गोली चल जाने से एक आरक्षक की मौत हो गई। भैरमगढ़ थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सन्नू हपका आज सुबह अपनी सर्विस रायफल की साफ सफाई कर रहे थे। इस दौरान दुर्घटनावश उनके सीने में गोली लग गई। घायल जवान को इलाज के लिए भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मौसम**

मौसम विभाग ने कल उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, प्रदेश के कई स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>